**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 01.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में एमबीबीएस की पचास हजार अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी।
2. केन्द्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस आज से लागू की जाएगी।
3. श्री विजय पुरम के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज से दस दिवसीय 'पुस्तक मेला' का आयोजन।
4. शिक्षा विभाग आज से द्वीपों में घर–घर जाकर शैक्षिक सर्वेक्षण करेगा।

<><><><><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत सरकार ने पिछले एक दशक में पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाकर देश के स्वास्थ्य ढांचे का स्तर ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार तेरह–चौदह में केंद्र का स्वास्थ्य बजट सैंतीस हजार करोड़ रुपये था और वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में यह एक लाख सैंतीस हजार करोड़ रुपये कर दिया गया। श्री शाह ने कहा कि अब देश में तेइस एम्स हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या तीन सौ सत्तासी से बढ़कर सात सौ छियासठ हो गई है। गृह मंत्री ने कहा कि एमबीबीएस सीटों की संख्या इक्यावन हजार से बढ़कर एक लाख पन्द्रह हजार हो गई है। श्री शाह ने कहा कि अगले पांच वर्ष में एमबीबीएस की पचासी हजार अतिरिक्त सीट जोड़ी जाएंगी।

<><><><><><><><><><>

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू की जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। प्रथम समूह में पहली अप्रैल दो हजार पच्चीस तक सेवा में एनपीएस के अंतर्गत कार्यरत केंद्र सरकार का कर्मचारी शामिल है। दूसरी श्रेणी में पहली अप्रैल दो हजार पच्चीस या उसके बाद केंद्र सरकार में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं। तीसरी श्रेणी में एनपीएस का हिस्सा रहा केंद्र सरकार का कर्मचारी इक्तीस मार्च या उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ, चाहे वह नियमित सेवानिवृत्ति हो या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, वे यूपीएस के लिए पात्र हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेइस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

<><><><><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी ने द्वीपों में रहने वाले ओड़िशा के लोगों को आज ओड़िशा स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर, ओडिशा एक स्वतंत्र प्रांत बना, जो इसकी स्थायी भावना और सांस्कृतिक महत्व का प्रमाण है। 'उत्कल दिवस' राज्य के समृद्ध इतिहास का एक गहन उत्सव है, जो कलिंग के पौराणिक साम्राज्य से लेकर एक जीवंत, आधुनिक राज्य बनने तक की इसकी असाधारण यात्रा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक दिवस हमें ओडिशा की उल्लेखनीय विरासत– साहस, रचनात्मकता और निरंतर परिवर्तन की विरासत पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

वहीं आज नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ओडिशा दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्य के निर्माण में अमूल्य योगदान के लिए संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम का विषय 'कला, संस्कृति, विरासत और पर्यटन' है।

<><><><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज से दस अप्रैल, तक श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में दस दिवसीय 'पुस्तक मेला' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सवेरे दस बजे पुस्तक मेले का उद्घाटन

करेंगे। मेले में इक्तीस स्टॉल होंगी, जिनमें मुख्यभूमि के विभिन्न प्रकाशकों की लगभग तीस हजार पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। पुस्तक मेले में मुख्यभूमि के जाने–माने लेखक भाग लेंगे, जो पुस्तक हस्ताक्षर, संवादात्मक सत्रों और अन्य माध्यमों से प्रतिभागियों से जुड़ेंगे। सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग द्वारा कमोर्टा बंदरगाह पर बनाए गए एक वर्चुअल रियालिटी शो का भी आज उदघाटन किया जाएगा। इसके अलावा शाम के समय कुछ पुस्तक विमोचन के साथ साहित्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पुस्तक मेला दिन में ग्यारह बजे से रात्रि नौ बजे तक खुला रहेगा। यह पुस्तक मेला लोगों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को देखने और उन्हें सीधे स्टॉल से खरीदने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। इस सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग की निदेशक प्रियंका कुमारी ने सभी से पुस्तक मेला में शामिल होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

श्री विजय पुरम से चुने गए विकसित भारत युवा संसद के लिए अण्डमान लॉ कॉलेज के तीन छात्राएं कल दिल्ली पहुची। आज से तीन अप्रैल तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद में कोमल प्रीत कौर, सयंतिका मिस्त्री और ईशा एबिन्सन द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह कार्यक्रम केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय की पहल पर आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में इनकी भागीदारी अंडमान निकोबार द्वीप समूह के युवाओं के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो राष्ट्रीय मंच पर उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ को दर्शाती है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के तहत श्री विजयपुरम के शिक्षा विभाग की ओर से आज से शैक्षिक सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। शिक्षकों और अधिकारियों के सहयोग से स्कूल से बाहर के बच्चों, स्कूल छोड़ने वाले, प्रवासी, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान करने के लिए घर–घर जाकर शैक्षिक सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। आम जनता से गणनाकारों की सहायता करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित उद्योग विभाग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और विभाग द्वारा कार्यान्वित अन्य सरकारी प्रायोजित योजनाओं और लाभों पर 'जागरूकता–सह–प्रेरक कार्यक्रम' आयोजित करेगा। कार्यक्रम का आयोजन अप्रैल के पहले सप्ताह से स्वराज द्वीप के विभिन्न हिस्सों में किया जाएगा। इसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को पी एम ई जी पी योजना से संबंधित विभागों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार गतिविधियों को अपनाने के लिए जानकारी प्रदान करना है। जागरूकता कार्यक्रम के बाद ग्रामीण उद्यमियों को अनिवार्य दस्तावेज के साथ विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन जमा करने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। भरे हुए आवेदनों को ऑनलाइन पीएमईजीपी पोर्टल पर अपलोड करने के लिए मौके पर ही एकत्र किया जाएगा और उचित सत्यापन और जांच के बाद पीएमईजीपी योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए चुने गए बैंकों को ऑनलाइन भेजा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मिडिल प्वाइंट स्थित जिला उद्योग केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार तीन और चार अप्रैल को द्वीपसमूह के कुछ स्थानों पर आंधी तूफान के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

<><><><><><><>